# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2014 दिनांकःजनवरी 31,2015

## शुद्धि पत्र

उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनांक 29–07–2014 द्वारा उपनिरीक्षक ना0पु0 प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी। वरिष्ठता सूची में निर्धारित वरिष्ठता के बारे में आपत्तियॉ प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 12–08–2014 निर्धारित की गयी थी। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों से यह भी अपेक्षा की गयी थी कि वह इस सूची को पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय/प्रशिक्षण संस्थानों/सम्बन्धित स्थानों पर/शाखा/इकाई में ब्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उपनिरीक्षको को सूचित किया जाय तथा यदि किसी उपनिरीक्षक का नाम छूटा है अथवा डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसे संशोधित करा लिया जाय। इस सूची को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in/frmCircular.aspx?slugName=phq&Subname=EstMCivPolice** पर भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही बहुप्रचार, प्रसार हेतु दिनांक 31–07–2014 एवं 01–08–2014 को प्रदेश स्तरीय अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा स्थानीय स्तर के दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों में सर्व साधारण के सूचनार्थ वरिष्ठता प्रकाशित करने एवं आपत्तियॉ आमन्त्रित करने की अन्तिम तिथि 12–08–2014 होने के तथ्य से सूचित किया गया था।

2– उक्त सन्दर्भ में प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः पॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनांक 11–11–2014 द्वारा अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित करते हुए उ0प्र0 पुलिस की उपरोक्त वेबसाईट पर सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रदर्शित की गयी। साथ ही पुनः निर्धारित वरिष्ठता के बारे में आपत्तियॉ प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 19–11–2014 निर्धारित की गयी थी। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों से यह पुनः अपेक्षा की गयी थी कि वह इस सूची को पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय/प्रशिक्षण संस्थानों/सम्बन्धित स्थानों पर/शाखा/इकाई में ब्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उपनिरीक्षको को सूचित किया जाय तथा यदि किसी उपनिरीक्षक का नाम छूटा है अथवा डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसे संशोधित करा लिया जाय। साथ ही बहुप्रचार, प्रसार हेतु दिनांक 15–11–2014 एवं 16–11–2014 को प्रदेश स्तरीय अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा स्थानीय स्तर के दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों में सर्व साधारण के सूचनार्थ वरिष्ठता प्रकाशित करने एवं आपत्तियॉ आमन्त्रित करने की अन्तिम तिथि 19–11–2014 होने के तथ्य से सूचित किया गया था।

3– इस श्रृंखला में जनपद/इकाईयों से प्राप्त संशोधन एवं आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः पॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनांक 13–12–2014 द्वारा अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी, जिसमें कुल–1941 उपनिरीक्षकों के नाम सम्मिलित है। अन्तिम वरिष्ठता सूची उ0प्र0 पुलिस की उपरोक्त वेबसाईट पर सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रदर्शित की गयी।

4– सम्बन्धित जनपद/इकाईयों द्वारा 05 उपनिरीक्षकों की मृत्यु/सेवानिवृत्ति की सूचना दिनॉकः13–12–2014 को अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित होने के पश्चात् उपलब्ध कराये जाने के कारण उनका नाम अन्तिम वरिष्ठता सूची से हटाया नहीं जा सका। इन उप निरीक्षकों का विवरण निम्नवत् हैः–

| मुख्य क0सं0 | बैच क0सं0 | पर्सनल न० | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 289 | 123 | 840300012 | शरद श्रीवास्तव | स्व0 विपिन विहारी लाल | एटीएस | अ0पु0अधी0 मुख्यालय, एटीएस उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याःएटीएस– पॉच–3(2)2014 /11 दिनॉकः 01–01–2015 के अनुसार दिनॉकः 17–06–2013 को मृत्यु हो चुकी है। |
| 325 | 2 | 772298924 | धर्मवीर | फूल सिंह | गाजियाबाद | व0पु0अधी0 गाजियाबाद के पत्र संख्याःआ–77/2014 दि0 16–12–2014 के अनुसार दिनॉकः 09–12–2014 को मृत्यु हो चुकी है। |
| 524 | 201 | 902640465 | विजयकांत शर्मा | आनन्दप्रकाश शर्मा | जीआरपी मुरादाबाद | पु0अधी0 रेलवे मुरादाबाद के पत्र संख्याःपी–113/2013 दिनॉकः01–01–2015 के अनुसार दि0 08–09–2013 को मृत्यु हो चुकी है। |
| 506 | 183 | 792014067 | विजय सिंह (आउट आफ टर्न निरीक्षक) | परशादी लाल | मुजफ्फरनगर | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर के पत्र संख्याःप–222/2014 दिनॉकः12–01–2015 के अनुसार दिनॉकः24–05–2014 को देहांत हो गया है। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 554 | 10 | 962090284 | राजेश कुमार अग्निहोत्री | लाल बिहारी | एएसआईओ वि0शा0 अभि0कानपुर | पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विशेष शाखा अभिसूचना विभाग कानपुर के पत्र संख्याःएसपी (इण्ट)/के0 आर–स्वै0से0नि0राजेश कुमार अग्निहोत्री / 12 दिनॉकः 14–01–2015 के अनुसार दिनॉकः 31–07–2012 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। |

5– अतः सम्बन्धित जनपद/इकाईयों से प्राप्त सूचना के आधार पर उपरोक्त 05 उपनिरीक्षक ना0पु0 के नामों को पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2014 दिनांक 13–12–2014 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची से विलोपित किया जाता है। उपरोक्त नामों के विलोपित किये जाने से किसी उपनिरीक्षक के वरिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अन्य सभी उप निरीक्षकों की बैंच कम संख्या तथा मुख्य कम संख्या यथावत् रहेगी तथा विलोपित किये गये उप निरीक्षकों की बैंच कम संख्या तथा मुख्य कम संख्या को रिक्त समझा जायेगा।

6– अन्तिम वरिष्ठता सूची के प्रकाशन के पश्चात विलम्ब से प्राप्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया के कमशः पत्र संख्याःप–58/2014 दिनांक 18–12–2014 व प–158/14 दिनॉक 21–12–2014 द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री अजय कुमार सिंह पीएनओ 962240184 जनपद इटावा व श्री वीरेन्द्र सिंह प्रशिक्षण बैच–1995–96 के उपनिरीक्षक नियुक्त हैं परन्तु उनका नाम प्रकाशित वरिष्ठता सूची में अंकित नहीं है। उपरोक्त पत्रों के माध्यम से सम्बन्धित उपनिरीक्षक का विवरण उपलब्ध कराया गया। उक्त उपनिरीक्षकों द्वारा जारी वरिष्ठता सूची के सन्दर्भ में निर्धारित तिथि तक कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। यद्यपि वरिष्ठता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया द्वारा विलम्ब से आख्या एवं विवरण भेजा गया है परन्तु मात्र इस कारण से इनका नाम वरिष्ठता सूची में सम्मिलित करने के संबंध में विचार न करना नैसर्गिक न्याय के दृष्टिकोण से उचित नहीं होगा।

7– अतः वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया से प्राप्त संदर्भ के निस्तारण हेतु उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त निम्नलिखित तथ्य प्रकाश में आयेः–

1– उपनिरीक्षक ना0पु0 की नामावली को पुलिस मुख्यालय स्तर पर उ0प्र0 पुलिस नामिनल रोल डाटा बेस प्रणाली में जनपदों एवं इकाइयों द्वारा उनके जिले/इकाई में नियुक्त उपनिरीक्षकों के बारे में पूर्ण की गयी सूचनाओं के आधार पर मिलान कर तैयार किया गया । वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया स्तर से निर्धारित तिथि 12–08–2014 एवं तद्‌उपरान्त 19–11–2014 तक सम्बन्धित उपनिरीक्षकों के सम्बन्ध में कोई आख्या एवं आपत्ति पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी।

2– नैसर्गिक न्याय के दृष्टिगत वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया से प्राप्त संदर्भ पर सम्यक विचार कर उपनिरीक्षक ना0पु0 अजय कुमार सिंह पीएनओ 962240184 जनपद इटावा व वीरेन्द्र सिंह पीएनओ 962300011 जनपद बलिया के अधिकार को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत उनके बारे में वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, इटावा एवं बलिया से प्राप्त संदर्भ को केवल इस आधार पर निस्तारित न करना उचित नहीं पाया गया कि उपनिरीक्षकों की अन्तिम वरिष्ठता सूची दिनांक 13–12–2014 को प्रकाशित की जा चुकी है तथा इनके द्वारा कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतएव न्यायहित में प्राप्त संदर्भ को निस्तारित किया जाना आवश्यक पाया गया। इससे किसी अन्य उपनिरीक्षक के अधिकार का हनन नहीं होता है तथा उसके भी हित सुरक्षित हैं।

3– पुलिस मुख्यालय स्तर पर उपलब्ध पीटीसी परीक्षाफल के परीक्षण करने पर पाया गया कि उपनिरीक्षक ना0पु0 अजय कुमार सिंह पुत्र श्री राजपाल सिंह पीएनओ 962240184 जनपद इटावा एवं वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 दुर्गा सिंह पीएनओ 962300011 जनपद बलिया दोनों प्रशिक्षण बैच–1995–96 के उपनिरीक्षक है तथा इनके चेस्ट नं0 कमशः 134 व 141 तथा पीटीसी प्राप्तांक का प्रतिशत कमशः –60.89%(974.25/1600) व 65.27%(1044.25/1600) हैं।

8– उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उपनिरीक्षक ना0पु0 अजय कुमार सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह का नाम पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2014 दिनांक 13–12–2014 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची में इनके नामों को जोड़े जाने हेतु सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है।

9– इस प्रकार पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2014 दिनांकः13–12–2014 द्वारा प्रशिक्षण सत्र–1997–98 तक की प्रकाशित अन्तिम वरिष्ठता सूची में उपनिरीक्षक ना0पु0 वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 दुर्गा सिंह पीएनओ 962300011 जनपद बलिया की वरिष्ठता मुख्य कम संख्या/बैंच कम संख्या– 622(a)/78(a) पर अर्थात उपनिरीक्षक ना0पु0 जयन्ती प्रसाद पाण्डेय पीएनओ 962460326 के नीचे एवं उपनिरीक्षक ना0पु0 शशि प्रकाश शर्मा पीएनओ 962231492 के ऊपर तथा उपनिरीक्षक ना0पु0 अजय कुमार सिंह पुत्र श्री राजपाल सिंह पीएनओ 962240184 जनपद इटावा की वरिष्ठता मुख्य कम संख्या/बैंच कम संख्या –703(a)/159(a) अर्थात

उपनिरीक्षक ना0पु0शिव कुमार सिहं पीएनओ 962120088 के नीचे एवं उपनिरीक्षक ना0पु0 अरूण कुमार राय पीएनओ 960920080 के ऊपर निर्धारित कर सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया है।

| मुख्य क0सं0 | बैच क0सं0 | पर्सनल न० | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | जाति | गृह जनपद | जन्म तिथि | PTC बैच | PTC प्राप्तांक | PTC पूर्णाक | PTC प्रतिशत | चेस्ट नंबर | PTC नाम | भर्ती तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 622 | 78 | 962460326 | जयन्ती प्रसाद पाण्डेय | गिरजा कान्त | सामान्य | BASTI | 01-Oct-58 | 1995-96 | 1045.50 | 1600.00 | 65.34 | 81 | PTC.2 | 10-Feb-96 |
| 622(a) | 78(a) | 962300011 | वीरेन्द्र सिंह | स्व0 दुर्गा सिंह | सामान्य | Bhojpur (Bihar) | 23-Jan-62 | 1995-96 | 1044.25 | 1600.00 | 65.27 | 141 | PTC.2 | 10-Feb-96 |
| 623 | 79 | 962231492 | शशि प्रकाश शर्मा | श्रीनिवास शर्मा | सामान्य | MEERUT | 06-May-70 | 1995-96 | 1044.25 | 1600.00 | 65.27 | 47 | PTC.2 | 10-Feb-96 |
| 703 | 159 | 962120088 | शिव कुमार सिहं | बाबू सिंह | पिछडी जाति | ETAWAH | 05-Sep-68 | 1995-96 | 977.25 | 1600.00 | 61.08 | 12 | PTC.2 | 10-Feb-96 |
| 703(a) | 159(a) | 962240184 | अजय कुमार सिंह | राजपाल सिंह | सामान्य | Aligarh | 02-Jun-62 | 1995-96 | 974.25 | 1600.00 | 60.89 | 134 | PTC.2 | 10-Feb-96 |
| 704 | 160 | 960920080 | अरूण कुमार राय | चन्द्रदेव राय | सामान्य | Bhojpur | 16-Jun-68 | 1995-96 | 972.25 | 1600.00 | 60.77 | 48 | PTC.2 | 10-Feb-96 |

10– अतः पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनांकः13–12–2014 द्वारा प्रकाशित नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना के कुल 1941 उपनिरीक्षकों की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची में से उपरोक्तानुसार 05 उप निरीक्षकों के नाम विलोपित करने तथा 02 उप निरीक्षकों के नाम सम्मिलित करते हुए इस शुद्धि पत्र के माध्यम से प्रकाशित करने का निर्णय लिया जाता है। इस शुद्धि पत्र के जारी होने के पश्चात् नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना के उपनिरीक्षकों की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता में अब कुल 1938 उपनिरीक्षक होंगे तथा दिनांकः13–12–2014 को प्रकाशित नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना के उपनिरीक्षकों की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

21/1/15
(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः**–निनलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद/मुजफ्फरनगर/इटावा/बलिया।
2– पुलिस अधीक्षक, रेलवे मुरादाबाद।
3– पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय, विशेष शाखा अभिसूचना विभाग, कानपुर।
4– अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय एटीएस उ0प्र0 लखनऊ।
5– पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान उ0प्र0 लखनऊ।

**संख्या तथा दिनांक वही।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक,कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ
2– पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3– सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
4– पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस की वेबासाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।

----